भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 169
उत्तर देने की तारीख 20 जुलाई, 2026
29 आषाढ़, 1948 (शक)

सिंथेटिक हॉकी टर्फ

169. श्री श्रेयस एम. पटेल:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को कर्नाटक के हासन स्थित जिला स्टेडियम में सिंथेटिक हॉकी टर्फ की स्थापना के लिए कर्नाटक सरकार या संबंधित खेल प्राधिकरण से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति, अनुमानित लागत, वित्तपोषण के स्रोत तथा स्वीकृति और पूरा होने की अपेक्षित समय-सीमा सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने हासन जिले में हॉकी अवसंरचना की उपलब्धता और ग्रामीण तथा शहरी युवाओं के बीच इस खेल को बढ़ावा देने के लिए उक्त टर्फ की आवश्यकता का कोई आकलन किया है;

(घ) क्या सरकार का उक्त जिले में उक्त टर्फ और संबंधित खेल अवसंरचना के निर्माण के लिए खेलो इंडिया योजना (केआईएस) या किसी अन्य केंद्रीय योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्रदान करने का विचार है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं तथा केंद्र सरकार की योजनाओं के अंतर्गत सिंथेटिक हॉकी टर्फ स्वीकृत करने के लिए क्या मानदंड अपनाए गए हैं?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) ऐसा कोई प्रस्ताव मंत्रालय में प्राप्त नहीं हुआ है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) से (ङ) : 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण खेल अवसंरचना की आवश्यकता का आकलन और खेल सुविधाओं के विकास तथा उन्हें सुदृढ़ करने सहित खेलों के विकास का उत्तरदायित्व

मुख्य रूप से राज्य/संघ राज्यक्षेत्र की सरकारों का होता है। केंद्र सरकार महत्वपूर्ण कमियों को दूर करके इन प्रयासों में सहायता करती है। देश में खेल अवसंरचना की उपलब्धता के संबंध में इस मंत्रालय द्वारा कोई आकलन नहीं किया गया है। इस मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित खेलो इंडिया स्कीम और राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) मांग-आधारित स्कीमें हैं जिनके अंतर्गत खेल अवसंरचना के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। राज्य/संघ राज्यक्षेत्र की सरकारों और अन्य पात्र निकायों से वित्तीय सहायता के लिए प्राप्त प्रस्तावों पर उनकी पूर्णता, तकनीकी व्यवहार्यता और स्कीम के तहत धनराशि की उपलब्धता के आधार पर विचार किया जाता है। कर्नाटक राज्य सहित देशभर में खेलो इंडिया स्कीम और राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) के तहत अनुमोदित खेल अवसंरचना परियोजनाओं तथा उनकी स्वीकृत लागत, जारी की गई धनराशि और उनकी वास्तविक और वित्तीय प्रगति का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia.gov.in और http://www.nsdf.yas.gov.in/nsdf-glance.html पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

*****